(c) what are the names of drugs involved and whether his Ministry have examined the position of each drugs; and

(d) if so, what action has been taken on each and by when the decision on others would be completed?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): (a) to (d) Around 29 letters have been received from Members of Parliament during the period from 1-1-90 to 25-4-90 either for incusion of certain bulk drugs under the scheduled categories or other matters concerning DPCO 1987. All the suggestions contained in these letters will be examined and considered by the Standing Committee constituted in this Department.

Setting up of New CGHS Homoeopathic Dispensaries

360. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Will the Minister of HEALTH AND WAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether there is any proposal set up new CGHS Homoeopathic dispensaries in the country during the Eighth Plan period;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) Whether areas have been identified to set up these dispensary would be set up in the VIP Zone in Delhi other the existing one?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RASHEED MASOOD): (a) to (c) The Plan outlay for the VIIIth Five Year Plan is yet to be finalised. Norms are being formulated for the opening of homoeopathic dispensaries.

उत्तर प्रदेश में मस्तिष्क ज्वर के मामले

361. **श्री राम नरेश यादव** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च 1990 तक भारत में ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी थी, जिनमें पाजीटिव एड्स पाया गया था और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या प्रभावी कदम उठाए गए हैं ;

(ख) जुलाई, 1985 से दिसम्बर 1989 के दौरान उत्तर प्रदेश में मस्तिष्क ज्वर से मरने वालों की संख्या कितनी थी और राज्य के किस हिस्से में सबसे अधिक मौतें हुई और उक्त रोग के कारण क्या हैं ; और

(ग) क्या उक्त रोग की पुनरावृत्ति को रोकने के उपायों का पता लगाने की दृष्टि से केन्द्र सरकार ने किसी विशेषज्ञ दल द्वारा कोई अध्ययन कराया है, और यदि हां, तो कब और इस संबंध में उस दल के निष्कर्ष क्या हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रशीद मसूद) : (क) उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार 31-3-90 तक लगभग 21 सीरम पाजीटिव रोगी और 44 रोगियों जिनमे रोग पूर्ण रूप से विकसित हो चुका था, की सूचना दी गई है । सरकार ने निम्नलिखित 10 मेडिकल कालेजों को निर्धारित किया है जहां एच आई०वी० से संक्रमित व्यक्तियों और एड्स के रोगियों को चिकित्सा परिचर्या प्रदान की जायेगी और ये यूनिटें प्रशिक्षित चिकित्सकों और उपचर्या कर्मचारियों के अधीन हैं :—

1. के० जी० मेडिकल कालेज, लखनऊ ।
2. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ।
3. एस० एम० एस० मेडिकल कालेज, जयपुर ।
4. जे०-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान, श्रीनगर ।
5. त्रिवेन्द्रम मेडिकल कालेज, त्रिवेन्द्रम ।
5. उस्मानिया मेडिकल कालेज, हैदराबाद ।
7. कलकत्ता मेडिकल कालेज, कलकत्ता ।
8. एस०सी०बी० मेडिकल कालेज, कटक ।